हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 7 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री


13 कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया भाजपा का ...

14 श्रद्धालुओं ने विधि विधान से किया जंवारा विसर्जन




## खबर संक्षेप

### आईपीएल मैच में सट्टा दो लोगों पर कार्रवाई



**महासमुंद।** बागबाहरा में आईपीएल मैच में सट्टा लगाने वाले दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओम सांई ट्रेवल्र्स बस स्टैंड बागबाहरा में पपिंदर सिंह छाबड़ा नाम का व्यक्ति लोगो को मोबाईल फोन के माध्यम से रुपए पैसों का दांव लगवाकर आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिला रहा है। इसके बाद मौके पर पहुंचकर एक व्यक्ति को अपने मोबाइल से आईपीएल मैच में सट्टा खिलाते हुए पकड़ा गया। पूछताथ में आरोपी ने अपना नाम पपिंदर सिंह छाबड़ा पिता परमजीत सिंह छाबडा (41 वर्ष) वार्ड नं 08 बागबाहरा का निवासी होना बताया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने मोबाइल कीमत 4000 रुपए बरामद किया, जिसमें आईपीएल क्रिकेट सट्टा खेलने खिलाने एवं क्रिकेट सट्टे की रकम संबंधी लेनदेन जानकारी थी एवं नगदी रकम 9640 रुपए कुल जुमला रकम 13640 को जब्त कर पंचनामा तैयार किया गया। पुलिस ने बताया कि उक्त आईपीएल क्रिकेट सट्टा का सौदा जगजोत सिंह दुआ उर्फ गोल्डी वार्ड नं 08 बागबाहरा को उसके लाइन के मोबाईल नंबर के माध्यम से एवं क्रिकेट सट्टा की रकम नगदी हाथों हाथ देना लिखित में दिया गया। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 7 एलसीजी के तहत कार्रवाई की।

### जंगली सुअर का शिकार 4 आरोपी गिरफ्तार

**सरायपाली।** वन परिक्षेत्र द्वारा जंगली सुअर का शिकार करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वन परिक्षेत्र सरायपाली अंतर्गत बहेरापाली के ग्राम पोटापारा में नारद पिता पंचराम बरिहा जाति बिंझवार (53 वर्ष) के घर में अवैध शिकार कर वन्यप्राणी मांस रखने की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को मिली थी। इसकी जानकारी जिला वन मंडल अधिकारी को जानकारी दी गई। जिला वन मंडल अधिकारी पंकज राजपूत के निर्देशन पर उप वन मंडल अधिकारी अनिल भास्करन ने प्रत्यूष टांडेय व अन्य वन अधिकारी और कर्मचारियों ने सरायपाली परिक्षेत्र के बहेरापाली के ग्राम पोटापारा में दबिश देकर आरोपी के घर की तलाशी के दौरान वन्य प्राणी जंगली सुअर का 8 नग हड्डी तथा खून लगा हुआ प्लास्टिक बोरा एवं थैला जब्त किया गया है। आरोपी नारद बरिहा ने पूछताछ पर बताया कि उसके साथ हेमसागर साव पिता भुवनेश्वर, तिरिथ राम कोंध पिता जोगीलाल, प्रदीप कुमार सिदार पिता नंद कन्हैया सिदार वन्य जीव के शिकार में शामिल थे।




पर्व : गांव के समाजिक और सांस्कृतिक जीवन का भी यह एक अहम हिस्सा है जंवारा विसर्जन का कार्यक्रम

# जोत-जंवारा विसर्जन शोभायात्रा में मांदर की थाप पर माता की महिमा में गूंजे जसगीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुहेला

ग्राम में नवरात्रि के पावन पर्व पर जंवारा विसर्जन का कार्यक्रम अत्यधिक धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह धार्मिक आयोजन ग्रामवासियों के लिए विशेष महत्व का था, क्योंकि इस दौरान न केवल माता रानी के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की जाती है, बल्कि गांव के समाजिक और सांस्कृतिक जीवन का भी यह एक अहम हिस्सा है। इस कार्यक्रम में सैकड़ों महिला और पुरुषों ने जावरा धारण कर अपनी-अपनी श्रद्धा का प्रदर्शन किया। जावरा धारण करने के बाद सभी लोग क्रमबद्ध तरीके से चलने लगे। इस भव्य आयोजन का मुख्य आकर्षण भक्तों का जंवारा सिर पर धारण कर कतार में चलना था वह भी खुला पैर तपती धूप में, जो ग्राम की सड़कों से होते हुए मुख्य महामाया माता चौक पर एकत्रित हुई। जावरा धारण किए हुए लोग, विशेष रूप से महिलाएं और पुरुष, कतार में चलते हुए अपने माता रानी के प्रति अपनी श्रद्धा को प्रकट कर रहे थे। इस दौरान, मांदर की थाप पर ग्राम के बुजुर्गों और युवाओं ने 'माता रानी की सेवा' के भक्ति गीत गाए, जिससे वातावरण पूरी तरह से भक्ति और आस्था से भरा हुआ था। ग्रामवासियों ने इस धार्मिक उत्सव को लेकर अपनी पूरी श्रद्धा अर्पित की। जैसे ही लोग महामाया माता चौक पर एकत्रित हुए, उन्होंने माता रानी की जयकारों के साथ पूजा अर्चना शुरू की। फिर, वे धीरे-धीरे सतबहिनीय माता मंदिर की ओर बढ़े, जहां पर नारियल और धूप से पूजा का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में मां की पूजा की और अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए माता से आशीर्वाद मांगा। पूजा के बाद, जावरा का विसर्जन ग्राम के बड़े तालाब में किया गया।



### धार्मिक आस्था व समाजिक एकता अनुपम उदाहरण

कार्यक्रम के दौरान, जहां एक ओर धार्मिकता की भावना थी, वहीं दूसरी ओर ग्रामवासियों के बीच एकता और सौहार्द का प्रतीक भी देखने को मिला। लोग एक-दूसरे के साथ मिलकर इस पर्व को मनाते हुए अपने समाजिक रिश्तों को भी मजबूत कर रहे थे। इस प्रकार, ग्राम में नवरात्रि के इस जंवारा विसर्जन कार्यक्रम ने एक ओर उदाहरण प्रस्तुत किया कि धार्मिक आस्था, समाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर को किस तरह से बड़ी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जा सकता है। सभी ग्रामवासी इस आयोजन का हिस्सा बने और माता रानी के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की, जिससे यह पर्व खास और अविस्मरणीय बन गया।

### जंवारा विसर्जन में छलका उत्साह

इस धार्मिक आयोजन में ग्रामवासियों की भारी भीड़ जुटी थी। तपती धूप में भी श्रद्धालु अपनी भक्ति में लीन थे और भक्ति गीतों के साथ नाचते-गाते हुए तालाब तक पहुंचे। जंवारा विसर्जन की यह यात्रा एक धार्मिक और सामाजिक उत्सव बन गई, जिसमें ग्रामवासियों ने मिलकर माताजी के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति को सार्वजनिक रूप से प्रकट किया। नवमी के इस पावन पर्व पर जंवारा विसर्जन का आयोजन न केवल धूमधाम से हुआ, बल्कि यह एक शांति और सौहार्द का संदेश भी दे गया। गांव के सभी लोग इस कार्यक्रम में बड़े श्रद्धा भाव से शामिल हुए और पूरी प्रक्रिया को शांतिपूर्वक सम्पन्न किया। विसर्जन स्थल पर उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी भावनाओं का आदान-प्रदान किया और माता रानी की भक्ति में सेवा गीतों और नृत्य के साथ इस अद्वितीय आयोजन का आनंद लिया।

## मांदर की थाप पर जसगीतों की गूंज, निकाली विसर्जन यात्रा

**मुंडा।** चैत्र नवरात्रि नवमी व रामनवमी के पावन पर्व पर 6 अप्रैल को मुंडा कोलिहा सर्वाडीह जुड़ा बरदा कुम्हारी कैलाशगण धाराशिव पैंजनी जामडीह कोहरौद खम्हारडीह कारी बम्हनपुरी मोहतरा मल्लीन कोनारी तिल्दा सहित गांव गांव में प्रज्वलित घरों व महामाया मंदिरों में विराजित जोत जवारा का पूजापाठ के बाद विसर्जन किया गया। सेवा जसगीत की धुन पर नाचते गाते मांदर की थाप पर झूमते भक्तों ने श्रद्धा व भावविभोर के साथ जोत जवारा का विसर्जन किया गया।

■ गांव-गांव में धूमधाम से निकाली गई जोत जवारा शोभायात्रा

मुंडा सहित अंचल में नौ दिनों तक मां देवी की उपासना के बाद आज जोत जंवारा विसर्जन की शोभायात्रा गांव-गांव में धूमधाम से निकाली गई।

गांवो के महामाया मंदिर एवं कई भक्तों के द्वारा अपने घरों पर जोत प्रज्वलित किए गए थे जिसे जसगीत सेवा के माध्यम से स्थानीय तालाबों पर विसर्जन किया गया। चौत्र नवरात्रि का यह पर्व हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। चौत्र नवरात्रि की नवमी के दिन भक्तों का उत्साह नजर आया ज्योति कलश और जवारे का विसर्जन किया गया। इस मौके पर गांव में जमकर उत्साह देखने को मिला गांव में बड़े धूमधाम के साथ ज्योति कलश और जवारे का विसर्जन करने श्रद्धालु जुलूस में निकले। इस दौरान गांव के श्रद्धालु भक्तों का बड़ी संख्या में हूजूम उमड़ पड़ा। गांव की महिलाएं माता की अंतिम दर्शन के लिए निकल पड़ी।



### बाजे गाजे के साथ हुआ महानदी में जंवारा विसर्जन



**गिधौरी।** गिधौरी के महामाया मंदिर में चैत्र नवरात्रि की धुम रही और नौ दिनों तक जसगीत ,भजन का कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम आयोजन रखा गया था और चैत्र नवरात्रि के बाद रामनवमी पर जवारों का विसर्जन ग्राम के गली मुहल्लों में होते हुए मांदर धुन पर बाजे गाजे एवं जसगीत और उत्साह साथ युवकों द्वारा बाना लिये गये थे जो एक आकर्षक का केंद्र बना रहा। ग्रामीणों द्वारा भक्ति और आस्था से गली मुहल्ले पर नाचते गाते जवारों का विसर्जन गिधौरी के त्रिवेणी संगम महानदी में किया गया। इस दौरान ग्रामवासी भारी संख्या में शामिल थे।

### रामनवमी के अवसर पर ज्योति जंवारे का विसर्जन

**बंगोली।** ग्राम के महामाई में ज्योति, जंवारा का स्थापना के दौरान नौ दिवस तक मां शक्ति के मंदिर में जसगीत, पचरा गाकर जस सेवा समिति के सदस्यों द्वारा माता की सेवा, आराधना व पूजा की गई। रविवार को रामनवमी के अवसर पर ज्योति जंवारा का विसर्जन किया, विसर्जन के दौरान जसगीत से प्रभावित होकर माताओं, बहनो में माता की शक्ति परिलक्षित होती रही, जिसे ग्राम के बैगा राजू धीवर द्वारा शांत कराया गया।



### नम आंखों से विसर्जित किया गया जंवारा



**हथबंद।** ग्राम हथबंद में माता सेवा समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांती इस वर्ष माहामाया जोत जवारा को नम आंखों से विसर्जित किया गया। चैत नवरात्रि में सहयोग करने वाले ग्रामवासी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर आर्यन, ईश्वर, रोहित, जीत, देव, नोहर, देवेंद्र, अरुण, मोनल, राजेश, पंचू, बंटी, राम सिंह, आदित्य, मारकंडे, राजेंद्र, बंकेश, दुर्गेश, टोपू, कौशल, राज, लोकेशसी, अंशु, बैगा अवध राम, संतुराम देव दास प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

धूमधाम से मनाया गया भगवान राम का जन्मोत्सव

## रामजी की आकर्षक झांकियों के साथ निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार




चैत्र माह में शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के अवसर पर रविवार को नगर में विष्णु के सातवें अवतार के रूप में भगवान राम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भक्तो के द्वारा भगवान राम की मूर्ति को पालने में रखकर बाल रूप में पूजा की गई। इस अवसर पर नगर के मुख्य मार्ग पर जगह–जगह भव्य भगवा स्वागत द्वार तथा लगाये गये भगवा झंडे से संपूर्ण नगर धर्ममय दिखाई देता रहा। भक्तजनों द्वारा चौक चौराहो तथा मंदिरो के समीप भंडारे का आयोजन कर प्रसादी का वितरण कर खुशियां मनाई गई। वहीं देर शाम भक्तजनों द्वारा नगर में भगवान राम की आकर्षक झांकियों के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण के दौरान शोभा यात्रा शामिल भक्तजन भगवान राम का जायघोष करते हुए डीजे की धुन पर नाचते गाते रहे। इस दौरान शोभा यात्रा का जगह–जगह धर्म प्रेमियों एवं सामाजिक संगठनो के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्र अंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर सदर बाजार रोड से नेहरू चौक, गांधी चौक होते हुए मुख्य मार्ग से गार्डन चौक पहुंचकर समाप्त हुई।

## मुड़पार में धूमधाम से मनाई गई रामनवमी

**खरोरा।** ग्राम मुड़पार में रामनवमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। रामनवमी के पावन पर्व पर राम मंदिर की सुंदर सजावट की गई। साथ ही कलश यात्रा, महाप्रसादी वितरण व रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेन्द्र वर्मा, सरपंच यामिनी टिकेश्वर यादव, अलख वर्मा , लोचन अरविंद वर्मा रहे। अपने संबोधन में नवीन अग्रवाल ने ग्रामवासियों को रामनवमी की बधाई देते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र व आदर्शों को आत्मसात करने की बात कही।

■ कलश यात्रा, महाप्रसादी वितरण व रामायण पाठ का किया गया आयोजन




तत्पश्चात भूमिजा मानस मंडली गुढियारी के श्रीराम कथा का ग्रामवासियों ने श्रवण किया। श्रीराम मंदिर में पूजा अर्चना के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया।

इस अवसर पर टिकेश्वर यादव, रवि वर्मा, अरविंद वर्मा, प्रमोद कुर्मी, कमलेश यदू, अनिल कुर्मी, वेद कुमार वर्मा, बलीराम यादव, प्रवीण वर्मा, शब्बीर खान, ईश्वर मानिकपुरी, श्यामदास मानिकपुरी आदि उपस्थित रहे।

